**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1404**
**बुधवार, 04 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**बाढ़ मौसम विज्ञान कार्यालय**

†1404. श्री केसिनेनी शिवनाथ:
श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस समय देश में कितने बाढ़ मौसम विज्ञान कार्यालय कार्यरत हैं;
(ख) ये कार्यालय कहाँ स्थित हैं तथा बाढ़ के पूर्वानुमान में किस नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाता है;
(ग) एफएमओ द्वारा बाढ़ का पूर्वानुमान कब लगाया जाता है;
(घ) क्या आईएमडी देश में विभिन्न स्थानों पर नए एफएमओ स्थापित करने की योजना बना रहा है;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) वर्तमान में, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) देश में 15 बाढ़ मौसम विज्ञान कार्यालय (एफएमओ) संचालित करता है।

(ख) स्थान-वार एफएमओ का विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ग) बाढ़ का पूर्वानुमान करने का अधिदेश केन्द्रीय जल आयोग का है। आईएमडी-एफएमओ मुख्य रूप से नदी उप-बेसिन-वार मात्रात्मक वर्षा पूर्वानुमान (क्यूपीएफ) और हाइड्रोमेट बुलेटिन क्रमशः प्रतिदिन 0930 बजे और 1230 बजे जारी करते हैं। इन इनपुट का उपयोग केन्द्रीय जल आयोग के केंद्रीय बाढ़ पूर्वानुमान प्रभाग (सीएफएफडी) द्वारा बाढ़ पूर्वानुमान के लिए किया जाता है।

(घ)-(ड़.) जी हाँ। व्यास, सतलज नदियों और रंजीत सागर बांध के उप-बेसिनों के लिए मौसम केन्द्र, शिमला में एक नए एफएमओ का अनुमोदन किया गया है।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

**अनुलग्नक-1**

| क्र.सं. | एफएमओ के स्थान |
|---|---|
| 1. | आगरा |
| 2. | अहमदाबाद |
| 3. | आसनसोल |
| 4. | बेंगलुरु |
| 5. | भुवनेश्वर |
| 6. | चेन्नई |
| 7. | गुवाहाटी |
| 8. | हैदराबाद |
| 9. | जलपाईगुडी |
| 10. | लखनऊ |
| 11. | श्रीनगर |
| 12. | तिरुवनंतपुरम |
| 13. | नई दिल्ली |
| 14. | पटना |
| 15. | डीवीसी मैट. यूनिट कोलकाता |

*****